कार्यालय उपखण्ड अधिकारी

विद्युत वितरण उपखण्ड–बरसठी
पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
बरसठी, जौनपुर (उ०प्र०)–222162
: sdo.barsathi@puvvnl.in

पत्रांकः 729 / वि०वि०उ०ख०–ब०(जौ०) / **दिनांकः** 19 / 03 / 2026

विषय– निविदाकर्मियों श्री तेज्जू शाह एवं श्री मंगल प्रजापति की सेवा पुनः स्थापित (Reinstate) किए जाने के संबंध में।

मेसर्स ग्लोबटेक क्रिएशंस प्रा०लि०,
वार्ड नं०–6, गोपालनगर, सिसवा बाजार,
महराजगंज (उ०प्र०)–273163
ईमेल– globetechcreationspvtltd@gmail.com

पंजीकृत डाक / ईमेल / व्हाट्सएप द्वारा प्रेषित

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि उपखण्ड–बरसठी के 33 / 11 के०वी० विद्युत उपकेंद्र–बरसठी अंतर्गत कार्यरत निविदाकर्मी श्री तेज्जू शाह एवं श्री मंगल प्रजापति के कार्य प्रदर्शन के संबंध में इस कार्यालय द्वारा पूर्व में अधिशासी अभियन्ता महोदय को पत्र सं०– 709, दिनांक– 16 / 02 / 2026 (श्री तेज्जू शाह के संबंध में) तथा पत्र सं०– 710, दिनांक– 16 / 02 / 2026 (श्री मंगल प्रजापति के संबंध में) प्रेषित किए गए थे।

उक्त के क्रम में आपकी संस्था द्वारा भी क्रमशः–

1. पत्र सं०–GLOBETECH/SBZ/EMPLOYEE/NOTICE/L.NO.–48226, दिनांक– 18 / 02 / 2026 (श्री तेज्जू शाह हेतु)
2. पत्र सं०– GLOBETECH/SBZ/EMPLOYEE/NOTICE/L.NO.–48227, दिनांक– 18 / 02 / 2026 (श्री मंगल प्रजापति हेतु),

के माध्यम से स्पष्टीकरण नोटिस निर्गत किया गया था।

अवगत कराना है कि वर्तमान में दोनों कर्मचारियों के कार्य प्रदर्शन में स्पष्ट रूप से सुधार परिलक्षित हुआ है तथा उनके द्वारा यह आश्वासन भी दिया गया है कि वे भविष्य में पूर्ण निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे। यह भी उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में ग्रीष्म ऋतु निकट है, जिसमें विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना अत्यंत आवश्यक होता है। ऐसी स्थिति में कर्मचारियों की संख्या में कमी होने से कार्य प्रभावित होने की पूर्ण संभावना है तथा विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को बनाए रखना कठिन हो सकता है।

अतः उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में आपसे अनुरोध है कि जनहित एवं विभागीय कार्य की निरंतरता को दृष्टिगत रखते हुए श्री तेज्जू शाह एवं श्री मंगल प्रजापति की सेवाओं को पुनः बहाल (Reinstate) करने का कष्ट करें, ताकि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था को निर्बाध रूप से संचालित किया जा सके।

आशा है कि आप इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे।

Sudhir
उपखण्ड अधिकारी

पत्रांकः 729 / वि०वि०उ०ख०–ब०(जौ०) / **दिनांकः** 19 / 03 / 2026

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल–द्वितीय, जौनपुर।
2. अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड–बदलापुर, जौनपुर।
3. अवर अभियन्ता, 33 / 11 के०वी० विद्युत उपकेंद्र–बरसठी।

Sudhir
उपखण्ड अधिकारी